भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान....

# कार्यकर्ताओं से राष्ट्र निर्माण का आव्हान

## कार्यशाला में मुख्यमंत्री सहित वरिष्ठ नेताओं ने विचारधारा और प्रशिक्षण पर दिया जोर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित विषय वक्ता कार्यशाला को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने संबोधित किया। कार्यशाला में 23 जिलों के 400 से अधिक विषय वक्ताओं ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता प्रशिक्षण से तैयार होता है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विचारधारा और प्रशिक्षण की कमी के कारण विपक्ष में अंतर्विरोध दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र सेवा और सीमाओं की सुरक्षा को सर्वोपरि मानती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा विचारधारा आधारित संगठन है। पार्टी ने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि 1985 में दो सीटों से शुरू होकर भाजपा आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बन गई है। उन्होंने संगठन में अनुशासन, समन्वय और नई तकनीक के उपयोग पर जोर दिया। प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण से संवेदनशील और सक्षम कार्यकर्ता तैयार होते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन से राष्ट्र निर्माण है। क्षेत्रीय प्रभारी केसी पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी मिलती है।

### अग्निवीर वायु भर्ती के लिए आयु सीमा में छूट आवेदन 10 मार्च तक

भारतीय वायुसेना में अग्निवीर वायु पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 3 मार्च से 10 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वायु सैनिक चयन केंद्र भोपाल के अनुसार भर्ती में आयु सीमा में विशेष छूट प्रदान की गई है। अधिकतम आयु सीमा 22 वर्ष कर दी गई है, जिससे अधिक युवाओं को आवेदन का अवसर मिल सकेगा। भारतीय वायुसेना ने अग्निवीर वायु इंटेक के लिए पुरुष-महिला अभ्यर्थियों के लिए आवेदन पोर्टल फिर से शुरू किया है। योग्य उम्मीदवार निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन कर सकते हैं। यह युवाओं के लिए भारतीय वायुसेना में शामिल होकर देश की सेवा करने का सुनहरा अवसर है।

# गेहूं एमएसपी पर 40 रुपए बोनस, किसानों को मिलेगा 2625 रूपए प्रति क्विंटल

## किसानों को दिन में मिलेगी सिंचाई के लिए बिजलीः मुख्यमंत्री



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। कृषि कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने गेहूं उत्पादक किसानों के लिए वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा की है। इससे किसानों को गेहूं का कुल भुगतान 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी शुक्रवार को समत्व भवन में भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में दी। उन्होंने कहा कि दलहन फसल को बढ़ावा देने के लिए उड़द की खरीदी पर 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा, जिससे किसान अधिक मात्रा में उड़द की खेती के लिए प्रोत्साहित होंगे और उन्हें आर्थिक लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन में किसानों को कठिनाई आ रही थी। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने गेहूं उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी है, ताकि अधिक से अधिक किसान पंजीयन करा सकें। उन्होंने किसानों को सिंचाई में होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के निर्देश भी दिए। अब किसानों को सिंचाई के लिए दिन में बिजली उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे रात के समय सिंचाई के दौरान होने वाली परेशानियों और दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा। भूमि अधिग्रहण पर मुआवजा बढ़ाने, जंगली जानवरों से फसल नुकसान पर राहत, मंडी अधिनियम के प्रावधानों, फसल गिरदावरी, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन तथा सिंचाई और बिजली व्यवस्था जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि किसानों के सुझावों पर सरकार गंभीरता से विचार कर आवश्यक निर्णय लेगी।

# एमपी एग्रो संचालक मंडल की 202वीं बैठक



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि द एमपी स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड राज्य शासन के कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के लिये कार्य करने वाली महत्वपूर्ण एजेन्सी है।

उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों के लिये अनेक योजनाएँ एमपी एग्रो के माध्यम से संचालित की जा रही हैं। श्री कुशवाह शुक्रवार को पंचानन भवन में एमपी एग्रो स्टेट एग्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के संचालक मंडल की 202वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री कुशवाह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

कृषि के साथ उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने की विस्तृत कार्य-योजना पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत बीज और तकनीकी मुहैया कराने में द एमपी स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

बैठक में संचालक मण्डल की सदस्य कु. सिम्मी गुर्जर, उद्यानिकी सचिव जॉन किंग्सली, आयुक्त एवं प्रबंध संचालक एमपी स्टेट एग्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन अरविंद दुबे, उप सचिव दिनेश सुहाने, निदेशक केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण संस्थान, बुधनी डॉ. बी.एम. नंदेडे उपस्थित थे।

### गेहूं उपार्जन की पंजीयन तिथि 10 मार्च तक बढ़ी

**नप्र, भोपालः** मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए गेहूं उपार्जन व्यवस्था को और अधिक लाभकारी बनाया है। अब प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। इसके साथ ही किसानों को पंजीयन के लिए अधिक समय देने के उद्देश्य से गेहूं उपार्जन की अंतिम तिथि 7 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च कर दी गई है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि राज्य सरकार ने गेहूं खरीदी पर 40 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस देने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। श्री राजपूत ने कहा कि नागलवाड़ी में आयोजित कृषि कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने यह निर्णय लिया, जिससे प्रदेश के अधिक से अधिक किसान समर्थन मूल्य का लाभ उठा सकेंगे। मंत्री ने कहा कि पंजीयन तिथि बढ़ाए जाने से वे किसान भी पंजीयन करा सकेंगे, जो अब तक किसी कारणवश प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार अन्नदाताओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

कांग्रेस ने 'कृषि कल्याण वर्ष' पर उठाए सवाल

# आय दोगुनी नहीं, कर्ज और आत्महत्याएँ बढ़ीं: पटवारी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की कृषि नीतियों पर सवाल उठाए। इस दौरान मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे और अभा कांग्रेस कमेटी के पैनलिस्ट अभय दुबे भी मौजूद रहे।

श्री पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा घोषित 'कृषि कल्याण वर्ष' केवल दिखावा है, जबकि प्रदेश का अधिकांश किसान कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 20 वर्षों से भाजपा सरकार किसानों को खेती को लाभ का धंधा बनाने और आय दोगुनी करने का वादा करती रही, लेकिन हकीकत में किसानों की आत्महत्याएँ और कर्ज दोनों बढ़े हैं।

श्री पटवारी ने कहा कि भाजपा ने चुनाव के समय सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6000 रुपये, धान 3100 रुपये और गेहूं 2700 रुपये प्रति क्विंटल देने का वादा किया था, लेकिन यह वादे अब तक पूरे नहीं हुए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कृषि विभाग में करीब 60 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं, जिससे किसानों से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं में भी प्रदेश को मिलने वाली राशि का पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है। कई योजनाओं में बजट का आवंटन होने के बावजूद खर्च नहीं किया गया। साथ ही उन्होंने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कृषि विभाग से जुड़ी अनियमितताओं का आरोप लगाया।

श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश में किसानों के पंजीयन को लेकर भी भारी अव्यवस्था है और किसान अपनी उपज के पंजीयन के लिए परेशान हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में पार्टी सरकार के कृषि दावों की सच्चाई क्रमवार जनता के सामने रखेगी।




मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com